भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2199
दिनांक 15.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट कार्यालय सेवा केन्द्र

2199. श्री सुशील कुमार रिंकूः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब में कितने पासपोर्ट कार्यालय/पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीएसके) कार्य कर रहे हैं;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक पासपोर्ट कार्यालय/सेवा केन्द्र में पासपोर्ट जारी करने के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और कितने पासपोर्ट जारी/नवीनीकृत किए गए हैं;
(ग) क्या पासपोर्ट की मांग वर्ष–दर–वर्ष बढ़ती जा रही है;
(घ) यदि हां, तो क्या बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार का देश में और अधिक पासपोर्ट केन्द्र खोलने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या इन केन्द्रों में जनशक्ति और अवसंरचना सुविधाओं की कोई कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (घ) वर्तमान में, पंजाब राज्य में 03 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के तहत 06 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 09 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र कार्य कर रहे हैं।

विगत तीन वर्षों के दौरान पंजाब में प्रत्येक पासपोर्ट सेवा केंद्र और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र में प्राप्त पासपोर्ट आवेदनों एवं जारी किए गए पासपोर्टों की संख्या अनुबंध–I में संलग्न है।

कोविड–19 के प्रभाव के कारण 2020 और 2021 के दौरान जमा हुए पासपोर्ट आवेदनों के बैकलॉग ने 2022 के साथ–साथ 2023 के दौरान पंजाब राज्य में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों सहित पूरे भारत में पासपोर्ट संबंधी सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है।

आज तक, देश में 93 पीएसके और 434 पीओपीएसके स्थापित किए जा चुके हैं और पासपोर्ट आवेदकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्यरत है। इसके अतिरिक्त, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पंजाब में कुछ पासपोर्ट सेवा केंद्रों का विस्तार किया जा रहा है। नए पासपोर्ट कार्यालयों/केंद्रों को खोलना, आवेदनों की मात्रा सहित कई कारकों पर निर्भर करता है।

(ङ) और (च) सरकार ने पंजाब के तीन पासपोर्ट कार्यालयों में 50 से अधिक अधिकारियों को अस्थायी ड्यूटी पर तैनात किया है साथ ही पासपोर्ट कार्यालयों के सुचारू कामकाज के लिए अंतरिम उपाय के रूप में पंजाब राज्य में स्थित पासपोर्ट कार्यालयों में आउटसोर्स एजेंसी से 50 डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) और 05 मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) को नियुक्त किया है।

*****

अनुबंध- **I**

पंजाब राज्य में जिन आवेदनों पर कार्रवाई की गई और जारी किए गए पासपोर्टों का विवरण									
क्र.सं.	पीएसके/पीओपीएसके	**2020**		**2021**		**2022**		**30 नवंबर, 2023 तक**	
		जिन आवेदनों पर कार्रवाई की गई	जारी किए गए पासपोर्ट	जिन आवेदनों पर कार्रवाई की गई	जारी किए गए पासपोर्ट	जिन आवेदनों पर कार्रवाई की गई	जारी किए गए पासपोर्ट	जिन आवेदनों पर कार्रवाई की गई	जारी किए गए पासपोर्ट
1	पीओपीएसके फिरोजपुर	6488	7485	11487	10636	11457	11616	13410	12621
2	पीएसके अमृतसर	101554	102764	132852	126989	186685	176621	201758	192055
3	आरपीओ अमृतसर कैंप							16872	8919
4	आरपीओ अमृतसर वैन-1 [टी0823 एचआर 3140 बीजी]							657	140
5	आरपीओ अमृतसर वैन-2 [टी0923 जेएच 9139 बी]							595	141
6	आरपीओ अमृतसर वैन-3 [टी0823 एचआर 3130 बीजी]							643	136
7	पीओपीएसके बस्सी पठानां	1637	1829	4861	4255	9496	9313	11090	8775
8	पीओपीएसके बठिंडा	4238	4367	6741	6406	9243	9226	11518	10342
9	पीओपीएसके भिवानी	4052	4108	5627	5394	7366	7182	8828	10271
10	पीओपीएसके हिसार	4460	4465	5958	5651	7354	7247	10213	7776
11	पीओपीएसके कैथल	4007	3963	5836	5628	7340	7149	10323	9022
12	पीओपीएसके करनाल	5915	6156	6581	6323	8599	8300	11318	9696
13	पीओपीएसके मलेरकोटला	1198	1460	4240	3669	9135	9063	12250	10461

14	पीओपीएसके पानीपत	3775	3773	5660	5456	7642	7409	10426	10881
15	पीओपीएसके पटियाला	4087	4061	5726	5420	7137	7015	10885	9418
16	पीओपीएसके रोपड़	1000	1036	4248	3374	9380	9350	10686	9159
17	पीओपीएसके सिरसा	4663	4427	5944	5971	8770	8556	11708	9671
18	पीओपीएसके यमुनानगर	4558	4599	5844	5595	6804	6723	9869	10341
19	पीएसके अम्बाला	76053	75833	110099	106065	163893	158036	164805	8436
20	पीएसके चंडीगढ़	58919	59872	89742	84044	133848	131160	138952	155138
21	पीएसके चंडीगढ़-II	59797	60265	89246	83586	131639	128918	137055	129759
22	पीएसके लुधियाना	92496	94032	125774	119455	174333	172898	183903	127865
23	आरपीओ चंडीगढ़ कैंप							29496	173296
24	आरपीओ चंडीगढ़ वैन-1 [टी0823 एचआर 3630 बीएच]							1590	19065
25	आरपीओ चंडीगढ़ वैन-2 [टी0823 एचआर 3642 बीएच]							1400	187
26	आरपीओ चंडीगढ़ वैन-3 [टी0823 एचआर 3123 बीजी]							1544	213
27	आरपीओ चंडीगढ़ वैन-4 [टी0923 जेएच 9137 बी]							1437	184
28	पीओपीएसके मोगा	4312	4383	6582	6403	9830	8586	14268	1612
29	पीओपीएसके पठानकोट	4476	4367	8862	8626	12079	11106	13771	14424

30	पीओपीएसके फगवाड़ा	2216	2207	4427	4276	12424	10864	14262	14563
31	पीएसके होशियारपुर	52586	52832	77056	74347	108265	104126	108756	106081
32	पीएसके जालंधर-1	58233	57783	81765	78007	103951	99242	111127	108278
33	पीएसके जालंधर-2	50985	50668	76718	73716	105277	100000	112429	109117
34	आरपीओ जालंधर कैंप							17318	12633
35	आरपीओ जालंधर वैन-1 [टी0823 एचआर 3636 बीएच]							1125	668
36	आरपीओ जालंधर वैन-2 [टी0923 जेएच 9140 बी]							1049	626
37	आरपीओ जालंधर वैन-3 [टी0823 एचआर 9751 बीजी]							1175	698
	कुल	**504222**	**509411**	**730327**	**693209**	**1034179**	**999104**	**1181021**	**1236574**

*****